फिरकी
Firkee बच्चों की
अंक 9
बछड़ा बोला गाय से
बछड़ा बोला गाय से
दूध नहीं पीना है मुझको
काम चलेगा चाय से।
– साभार एकलव्य
चित्र – प्रशांत सोनी

# मकड़ी का जाला

मकड़ी के जालों से
मछली पकड़ते हो।
चढ़के चवन्नी पे,
तारों से अकड़ते हो।

– सुशील शुक्ल

चित्र – निलेश गहलोत

# इस फिरकी में कहानी कविता का पता


1. बछड़ा बोला गाय से  1

2. मकड़ी का जाला  2

3. तीन साथी  4

4. टेसू गीत  7

5. अकेला दोस्त  8

6. Diving Dolphins  9

7. नानी कहे कहानी  10

8. The Apple Tree  11

9. खेत में  12

10. Cats Sleep Anywhere  14

11. भेड़ और भेड़िया  16

12. फिरकी में खोजो  19

13. क्या बात हो गई?  20

14. कैसे आएगी नानी?  22

15. अंडे में एक अंडा है  23

16. देखो, मैंने क्या बनाया ! 24

# तीन साथी

एक था हाथी।
उसकी दोस्त थी बकरी।

दोनों साथ-साथ
जंगल जाते।

हाथी डाली झुकाता और
बकरी पत्ती खाती।

एक दिन दोनों गए जंगल। वहाँ एक तालाब दिखाई दिया।

वहाँ एक बेर का पेड़ था। हाथी ने पेड़ हिलाया, बकरी जल्दी-जल्दी बेर खाने लगी।

तभी पेड़ पर से चिड़िया का एक बच्चा पानी में गिरा।

बकरी उसे बचाने गई तो वह भी डूबने लगी।

हाथी ने दोनों को बाहर निकाला।

कुछ दिनों में चिड़िया का बच्चा बड़ा हो गया। चिड़िया पेड़ पर और हाथी, बकरी पेड़ के नीचे रहते थे।

चिड़िया उड़कर पता लगाती कि कहाँ-कहाँ फल लगे हैं।

फिर, तीनों वहाँ जाते और खूब फल खाते।

– साभार एकलव्य

*चित्र* – शुभम लखेरा

# टेसू गीत

मेरा टेसू यहीं अड़ा
खाने को माँगे दही बड़ा।

*चित्र* – हबीब अली



Firkee 9th issue.indd 7 08-12-2017 14:36:34

# अकेला दोस्त

एक गाँव में एक बच्चा रहता था। वहाँ कोई उसका दोस्त नहीं था। एक शाम वह दोस्त की तलाश में गया। वह एक पार्क में गया, लेकिन कोई भी राज़ी नहीं हुआ। उस लड़के को एक आइडिया आया कि मैं प्रकृति से दोस्ती करूँ। उसे सामने एक पेड़ और एक चिड़िया दिखी। वह उनसे पूछने चल पड़ा कि आप हमारे दोस्त बनोगे। उन्होंने कहा कि हम दस मिनट बाद बताते हैं। कुछ देर बाद उन्होंने कहा कि हम तुम्हारे दोस्त हैं। अब लड़का कभी चिड़िया के ऊपर आसमान में सैर करने जाता तो कभी पेड़ के ऊपर ठंडी हवा में सोता और पेड़ की शाखाओं पर झूलता।

*चित्र* – अहाना ओझा

– अहाना ओझा



Firkee 9th issue.indd 8 08-12-2017 14:36:37

# DIVING DOLPHINS

1. Use a blue crayon to draw a curved line for the tummy.

2. Draw another curved line above the first one for the back.

3. Add a long curved shape. This is the dolphin's nose.

4. Add a dotted fin on the top of the body and one underneath, like this.

5. Draw an eye and add a line inside the nose, for a mouth.

6. Add a tail, then fill in all the shapes with a felt-tip pen.

# नानी कहे कहानी

चंदू की नानी
कहे कहानी
एक था शरबत
एक था पानी
नानी पिए शरबत
चंदू पिए पानी
रूठ गया चंदू
खत्म हुई कहानी।

*साभार – एकलव्य*

*चित्र* – शुभम लखेरा

# The Apple Tree

Here is the tree with leaves so green,
Here are the apples that hang between.
When the wind blows, the apples fall,
Here is a basket to gather them all.

*Illustration* – Prashant Soni

# खेत में

चित्र– सुनीत

# Cats Sleep Anywhere

Cats sleep, anywhere,
Any table, any chair
    Top of the piano,  window-ledge,
    In the middle, on the edge,
Open drawer, empty shoe,
Anybody's lap will do,
    Fitted in a cardboard box,
    In the cupboard, with your frocks–
Anywhere! They don't care!
Cats sleep, anywhere.

– Eleanor Farjeon

*Illustration* – Heera Dhurve

# भेड़ और भेड़िया

*– खुशी मीणा, सवाई माधोपुर*

# फिरकी में खोजो

ऊपर दिए गए चित्र इस फिरकी में तुमने कहाँ-कहाँ देखे?

# क्या बात हो गई?

परबत पर घिरी शाम
अब रात हो गई,
लेकिन भेड़ें ना आईं
क्या बात हो गई ?

जंगल पर घिरी शाम
अब रात हो गई,
लेकिन भैंसें ना आईं
क्या बात हो गई ?

खेतों पर घिरी शाम
अब रात हो गई,
लेकिन अम्मां ना आईं
क्या बात हो गई ?

पेड़ों पर घिरी शाम
अब रात हो गई,
लेकिन चीलें ना आईं
क्या बात हो गई?

नदिया पर घिरी शाम
अब रात हो गई,
लेकिन नावें ना आईं
क्या बात हो गई?

– प्रभात

चित्र – हबीब अली

कैसे आएगी नानी?
बादल गरज रहा है गड़गड़
बिजली चमक रही है तड़तड़
झमझम बरस रहा है पानी
अब कैसे आएगी नानी ?

चित्र – प्रशांत सोनी

# अंडे में एक अंडा है

1. सारंगी 2. संदूक 3. सुराही 4. सिलबट्टा 5. सोफ़ा

इस चित्र को देखकर तुम कौन-कौन से शब्द सोच पाते हो?

# देखो, मैंने क्या बनाया !

**मास्टर संजय**
सरकारी प्राथमिक विद्यालय, ईरा मंज़िल कॉलोनी, हैदराबाद

**कुमारी पी. माधवी**
सरकारी प्राथमिक विद्यालय, ईरा मंज़िल कॉलोनी, हैदराबाद

**मास्टर अक्षय**
सरकारी प्राथमिक विद्यालय, ईरा मंज़िल कॉलोनी, हैदराबाद

**मास्टर विवेक**
सरकारी प्राथमिक विद्यालय, ईरा मंज़िल कॉलोनी, हैदराबाद

**सुझावों तथा प्रतिक्रियाओं के लिए संपर्क करें-**
उषा शर्मा एवं मीनाक्षी खार (कार्यकारी संपादक)
प्रारंभिक साक्षरता कार्यक्रम
कक्ष संख्या 307, तीसरी मंज़िल, जी. बी. पंत ब्लॉक
एन.सी.ई.आर.टी., श्री अरविंद मार्ग, नयी दिल्ली - 110016
दूरभाष- 011-26592293
ईमेल- earlyliteracy.ncert@gmail.com

**PD 5T RPS**



80 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित

प्रकाशन प्रभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविन्द मार्ग, नयी दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा पुष्पक प्रैस प्राइवेट लिमिटेड, 203-204 डी.एस.आई.डी.सी. शेड्स, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फ़ेज़-I, नयी दिल्ली 110 020 द्वारा मुद्रित।

ISBN 978-93-5292-002-0

21135

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्**
**NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING**
श्री अरविन्द मार्ग, नयी दिल्ली 110 016

₹ 20.00